नित्य प्रार्थना

हे सच्चिदानन्द परमात्मन्!
हमें असत्य मार्ग से हटा कर सत्यमार्ग की ओर ले जाइये
हे ज्ञानस्वरुप प्रभो!
हमें अज्ञान अंधकार से निकाल कर प्रकाश की ओर ले जाइये।
हे मृत्युन्जय भगवन्!
हमें मृत्यु के भय से छुड़ा कर अमर बना दीजिये।
हे भक्तवत्सल नारायण!
हमारे हृदय में सदैव ही आपके चरण-कमलों की भक्ति बनी रहे।
हे मर्यादा पुरुषोत्तम् जगदीश!
हमें ऐसी पवित्र, निर्मल और उज्जवल बुद्धि प्रदान कीजिये, कि जिसके द्वारा हम अधर्म से हट कर धर्म की ओर बढ़ सके।
हे सर्वशक्तिमान् पिता!
हमें ऐसा विशाल और बलवान हृदय प्रदान करो कि हम इस संसार की शुभ-अशुभ घटनाओं का धैर्य, धर्म, बल और प्रेम-पूर्वक सामना कर सकें।
हे करुणानिधे दीनबन्धो!
हमें ऐसा उत्तम जीवन प्रदान करो कि जिससे हम आपके दिये हुये तन, मन और धन का सदुपयोग करते हुए दीन और दुःखी जगत् की सेवा कर सकें।
हे मनमोहन त्रिलोकीनाथ!
हमें ऐसी प्रिय और मधुर वाणी प्रदान करो कि जिससे हम सारे संसार को अपना बना सकें।
हे समस्त जगद्‌धार! कृपासिन्धो!
आज इस शुभ दिन शुभ घड़ी में आपके परम पवित्र पुनीत चरणों में यही प्रार्थना है।

स्वीकार करो! स्वीकार करो! स्वीकार करो!
।। ओम ।। शान्ति ।। शान्ति ।। शान्ति ।।